दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### एकवागार्ड गोदाम से 20 हजार रूपये की पार्टस् चोरी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना कोतवाली अंतर्गत प्रेम प्रताप कॉलोनी चांदमारी में रहने वाले लक्ष्मीकांत द्विवेदी पिता कमला धर द्विवेदी उम्र 24 साल द्वारा आज दिनांक 31.10.2019 को थाना कोतवाली में बंदे अली फातमी नगर स्थित एकवागार्ड गोदाम के अंदर (दिनांक 20-21 अक्टूबर की रात्रि) घुस कर किसी अज्ञात चोर द्वारा एक्कागार्ड का पाट्र्स (कीमती रू. 20,000) चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्टकर्ता लक्ष्मी द्विवेदी एक्का गार्ड कंपनी में कार्यरत है। चोरी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 953/19 धारा 380, 457 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### कैंटीन सप्लायर पर युवती ने लगाई छेड़खानी आरोप

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना कोतवाली में युवती द्वारा कैंटीन सप्लायर दीपक राणा के विरुद्ध छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि दीपक राणा के अधीन सप्लायर का काम करती थी। दीपक राणा रायगढ़ के स्थानीय होटलों में कैंटीन का ठेका लिया है। दीपक युवती के साथ अवैध संबंध के लिए दबाव बनाता था तथा पीड़िता के विरोध करने पर उसे धमकी देता था। उसकी इन हरकतों से तंग आकर आज पीड़िता द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया रिपोर्ट पर दीपक राणा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 954/19 धारा 354, 354 (क),506 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर समस्त शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं के लिए सामान्य अवकाश घोषित

**» समस्त शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त शालाओं में भी एक दिन का रहेगा अवकाश**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवम्बर 2019 को समस्त शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं के लिए सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। इस अवसर पर शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त शालाओं में एक दिन के लिए अवकाश रहेगा।

### अनंतिम वरिष्ठता सूची जारी

**» दावा-आपत्ति 2 नवम्बर तक आमंत्रित**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला एवं नियमित उच्च वर्ग शिक्षक-प्रधान पाठक प्राथमिक शाला/शिक्षक एलबी (स्नातकोत्तर प्रशिक्षित) की अनंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया गया है। सूची के संबंध में दावा-आपत्ति 2 नवम्बर तक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय/जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते है।

### छात्राओं को आत्मरक्षा हेतु कराटे प्रशिक्षण का आयोजन

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** शासकीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, हाई एवं हायर सेकेण्डरी/100 सीटर कन्या छात्रावासों में अध्ययनरत छात्राओं को आत्मरक्षा हेतु कराटे प्रशिक्षण दिया जाना है। रायगढ़ जिले के लिए 526 प्राथमिक/ उच्च प्राथमिक एवं 39 हाई/हायर सेकेण्डरी/100 सीटर कन्या छात्रावासों में कुल 565 प्रशिक्षण कराया जाना है। प्रशिक्षण अवधि-नवम्बर से जनवरी तक 15 दिवस प्रति माह 3 हजार प्रति माह मानदेय होगा। प्रशिक्षण 3 माह तक होगा। इच्छुक कराटे/मार्शल आर्ट प्रशिक्षित प्रशिक्षक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी/ विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक से मिलकर प्रशिक्षक के संबंध में पूरी जानकारी लेकर नाम जुड़वा सकते है।

### कपरतुंगा में 2 नवम्बर को आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जनपद पंचायत बरमकेला के ग्राम-कपरतुंगा में 2 नवम्बर को आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है।

### स्कूल बसों का भौतिक सत्यापन 3 नवम्बर को

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** संयुक्त कलेक्टर एवं जिला परिवहन अधिकारी ने जिले के समस्त स्कूल संचालको को अवगत कराते हुए कहा है कि गत दिवस स्कूल बसों का मिनी स्टेडियम में वाहन का संपूर्ण मूल दस्तावेज एवं वाहन चालक का लाइसेंस सहित वाहन का भौतिक निरीक्षण हेतु बुलाया गया था, किन्तु कई स्कूलों के द्वारा भौतिक निरीक्षण हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया था। उन समस्त स्कूलों को अंतिम अवसर देते हुए 3 नवम्बर को प्रातः 9 बजे मिनी स्टेडियम, रायगढ़ में वाहनों का भौतिक सत्यापन हेतु बुलाया गया है। उक्त शर्तो का पालन न करने व वाहन प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में फिटनेस निरस्त एवं वाहन जप्ती की कार्यवाही की जाएगी।

### शहर में चल रही हिन्दी फिल्म दल की शूटिंग

**» शुभदेव फिल्म्स के बैनर तले मनीष काटजू के निर्देशन मे तैयार हो रही फिल्म**

**रायगढ़ (आरएनएस)।** शहर मे इन दिनों हिंदी फीचर फिल्म दल का फिल्मांकन ( शूटिंग ) किया जा रहा है। शुभदेव फिल्म्स प्रा. लि. के बैनर तले तैयार हो रही दल का निर्देशन नगर के वार्ड 3 निवासी युवा फिल्म निर्देशक मनीष कुमार काटजू कर रहे हैं। फिल्म के निर्माता शुभान्शु रंजन हैं। दल के डायरेक्टर मनीष काटजू का कहना है कि फिल्म अप्रैल 2020 तक पर्दे पर आ जायेगी।

# चोरी की 4 बाइक के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

## जुटमिल पुलिस की सक्रियता से 24 घंटे के अंदर आरोपी गिरफ्तार व चोरी की 4 बाईक बरामद



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक अंजना केरकेट्टा के नेतृत्व में जुटमिल पुलिस द्वारा अपराध नियत्रण के लिये क्षेत्र में की जा रही कार्यवाही एवं उनकी क्षेत्र में सक्रियता ही है कि प्रभारी अंजना केरकेट्टा के पदस्थापना के बाद से चोरी गई मशरूका में बरामदगी का प्रतिशत सर्वाधिक है। आज ही चौकी जुटमिल स्टाफ द्वारा 02 बाईक चोरों को गिरफ्तार किया गया है, जिनसे डेढ लाख किमती की 04 बाईक बरामद की गई है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 30.10.2019 को पुलिस चौकी जूटमिल अंतर्गत मोहदापारा में रहने वाले सुजीत कुमार लहरे द्वारा दिनांक 30.10.19 के शाम करीब 19:00 बजे इसके मौदहापारा गंधरी पुलिया के पास से मोबाईल दुकान के सामने खड़ी बजाज पल्सर मोटर सायकल सीजी 13 डब्ल्यू 0595 को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया, रिपोर्ट पश्चात चौकी जूटमिल प्रभारी निरीक्षक अंजना केरकेट्टा अपने स्टाफ के साथ मौके पर अपराध की तस्दीकी के लिए पहुंची। जहां सुजीत लहरे तथा आसपास के लोगों से पूछताछ कर दुकान तथा रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक किया गया और सीसीटीवी फुटेज से संदेहियों की धर पकड़ की कार्यवाही शुरू की गई जिस पर बीते रात (दिनांक 31 10 2019) की रात्रि करीब 2:00 बजे संदेही दिलीप दास महंत को बजाज पल्सर मोटरसाइकिल के साथ जुटमिल स्टाफ द्वारा सरवानी जाते 3समय ट्रांसपोर्टनगर के पास पकड़े और पकड़कर चोरी के संबंध में पूछताछ किये तो संदेही दिलीप दास ने बताया कि दिनांक 30.10.19 को गांव के ओम शंकर पटेल के साथ मिलकर रायगढ़ आया था जहां सावित्री नगर जाते समय मौदहापारा गंधरी पुलिया के पास एक बजाज पल्सर मोटर सायकल सीजी 13 डब्ल्यू- 0595 को चोरी किये जिसे स्वयं दिलीप चला रहा था जिसे रात्रि करीब 2:00 बजे जूटमिल पुलिस ने पकड़ा। आरोपी ने पूछताछ में यह भी बताया कि उसके दोस्त ओम शंकर पटेल के साथ केवड़ावाड़ी बस स्टैंड, रिलैक्स होटल, और पुरानी हटरी के पास भी 03 और मोटरसाइकिलें (बजाज डिस्कवर, हीरो एचएफडीलक्स, हीरो होंडा डीलक्स) चोरी किए हैं जिसे आरोपियों के निशानदेही पर बरामद किया गया है। आरोपियों से बरामद मोटर सायकल सीजी 13 डब्ल्यू- 0595 को थाना कोतवाली (जुटमिल) के अप.क्र. 952/19 धारा 379 भादंवि में बजाप्ता सुमार किया गया है जबकि आरोपियों से जप्त 03 और मोटर सायकल के संबंध में आरोपियों के विरुद्ध धारा 41(1+4)सीआरपीसी/379 आईपीसी के तहत कार्यवाही की गई है। आरोपी (1) दिलीप दास महंत पिता जीवन दास महंत उम्र 22 साल (2) ओमशंकर पटेल पिता रामलाल पटेल उम्र 21 साल दोनों निवासी सरवानी थाना कोतरारोड़ से जप्त मोटर सायकलों की कीमत लगभग 1.50 लाख रूपये के है, आरोपियों को उपरोक्त प्रकरणों में गिरफ्तार कर आज रिमांड पर भेजा गया है।



## नये रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू किए जाए- उमेश पटेल

**» किरोड़ीमल पॉलीटेक्निक कॉलेज के संचालक मण्डल की बैठक**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा मंत्री उमेश पटेल की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में रायगढ़ जिले के किरोड़ीमल पॉलीटेक्निक कॉलेज की संचालक मंडल की बैठक सम्पन्न हुई। मंत्री पटेल ने कहा कि कालेज में संचालित तकनीकी कोर्स के अलावा क्षेत्रीय आवश्यकता के अनुरूप रोजगारोन्मुखी नये पाठ्यक्रम बीएससी कम्प्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल, गणित, बीसीए के साथ ही कौशल विकास प्रशिक्षण शुरू किया जाए। इस संबंध में संचालक तकनीकी शिक्षा को पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है रायगढ़ स्थित किरोड़ीमल कालेज को वित्तीय संकट से उबारने के लिए उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल की पहल पर जिला प्रशासन ने डीएमएफ मद से एक करोड़ पचास लाख की सहायता अनुदान राशि उपलब्ध कराई गई है।

संचालक मंडल की बैठक में रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा श्रीमती रेणु पिल्ले, संचालक तकनीकी शिक्षा पुष्पेंद्र मीणा, कुलपति तकनीकी विश्वविद्यालय डॉ. मुकेश कुमार वर्मा, कालेज के प्राचार्य सहित अन्य सदस्य शामिल हुए।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिसकर्मियों ने ली शपथ, दौड़ व स्कूली बच्चों की रैली का हुआ आयोजन







**न्याय साक्षी/रायगढ़।** देशभर में आज देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशन पर आज जिला पुलिस की सभी शाखाओं, थाना/चौकी एवं रक्षित केन्द्र में पुलिसकर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता व सुरक्षा की शपथ दिलाया गया व रैली, दौड़ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना कापू क्षेत्र अंतर्गत कापू स्टाफ व स्कूली बच्चों द्वारा राष्ट्रीय एकता व अखंडता को बनाये रखने का नारा लगाते हुये शाला प्रांगण पहुंचे, जहां सरदार पटेल व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि दी गई। थाना सरिया स्टाफ द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस पर सुबह शपथ पश्चात 1.5 किमी की एकता दौड़कर देश में एकता व अखंडता का संदेश ग्रामवासियों को दिया गया।

## जांजगीर-चांपा जिले में बनेंगी चार नयी तहसीलें

**» बम्हनीडीह, सारागांव, बाराद्वार और अड़भार को मिलेगा तहसील का दर्जा**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज जांजगीर के पटेल उद्यान में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 144वीं जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा के अनावरण समारोह को संबोधित करते हुए जांजगीर-चांपा जिले में चार नई तहसीलों की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि बम्हनीडीह, बाराद्वार, सारागांव और अड़भार को तहसील का दर्जा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आजादी के बाद भारत की देशी रियासतों का एकीकरण एक चुनौती थी, किन्तु इस चुनौती को स्वीकार कर सरदार वल्लभ भाई पटेल ने रियासतों के एकीकरण का काम सफलतापूर्वक किया जो उनके राजनैतिक जीवन की ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय उपलब्धि है। समारोह की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने की।

## डायल 112 वाहन चालकों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लौईंग के द्वारा 30 अक्टूबर को पुलिस लाइन उर्दना में डायल 112 ईआरभी वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया ब्लड प्रेशर, हेल्थ चेकअप, नेत्र परीक्षण, खून जांच, शुगर जांच किया गया तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी उचित परामर्श दिया गया। इस अवसर पर विद्याधर चौहान, नेत्र सहायक अधिकारी राजेश आचार्य, चन्द्रशेखर साहू और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## संभागीय संयुक्त संचालक डॉ.मधुलिका ने ली स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक

**» 50 स्वास्थ्य सूचकांक की समीक्षा**







**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के आरोग्य सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं बिलासपुर डॉ मधुलिका सिंह ठाकुर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस. एन. केसरी, विकास खंड वार खंड चिकित्सा अधिकारी, विकास खंड कार्यालय प्रबंधक एवं जिला के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी की समीक्षा बैठक ली। एएनसी पंजीयन के विरुद्ध किए गए उपलब्धियों की जानकारी ली एवं स्वास्थ्य अधिकारियों से मातृत्व मृत्यु एवं शिशु मृत्यु को कम करने एवं उनका रिव्यू करने हेतु निर्देशित किया गया।

आरएनटीसीपी कार्यक्रम को जिला से इरेडिकेट करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। एचआईवी एड्स के मरीजों को आरएनटीसीपी कार्यक्रम के तहत विकासखंड वार समीक्षा की गई। एनसी मलेरिया गर्भवती जांच पॉजिटिव को मॉनिटर करने के लिए निर्देश किया गया। स्वास्थ्य अधिकारियों को माह में एक बार स्टोर एवं अकाउंट शाखा की समीक्षा करने के लिए एवं हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में मरीजों हाइपरटेंशन एवं एवं शुगर जांच किया जाना हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर डॉ के डी पासवान डीएचओ, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ टी जी कुलवेदी, क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ टी.के.टोण्डर, डॉ.बी.पी.पटेल डीआईओए डीपीएम, गणपत नायक एवं अधिकारियों कर्मचारियों पर स्थित थे।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर कलेक्टोरेट में अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** भारत की एकता और अखण्डता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर आज 31 अक्टूबर को कलेक्टोरेट में सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ ली। सभी ने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सत्यनिष्ठा के साथ अपना योगदान देने के लिए संकल्प लिया। अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी ने अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एस.के. टंडन सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480